हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 26 सितंबर 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 30.2 डिग्री
न्यूनतम 20.2 डिग्री

पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष निषाद ने ली समीक्षा बैठक
4


## खबर संक्षेप

### शब्दमुंडा में लौटी रोशनी, ग्रामीणों ने सीएम का जताया आभार



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जनसमस्याओं के निराकरण हेतु स्थापित सीएम कैंप कार्यालय बगिया, अपनी त्वरित कार्यवाही और संवेदनशीलता के वजह से लोगों के विश्वास और उम्मीदों का केंद्र बन चुका है। विकासखंड कांसाबेल के ग्राम शब्दमुंडा के प्रधानटोली सहित अन्य पारा मोहल्ला के ग्रामीणों ने बिजली ट्रांसफार्मर खराब होने की समस्या सीएम कैंप कार्यालय बगिया के समक्ष रखी। कैंप कार्यालय ने तत्काल विद्युत बहाल करने के लिए विभाग को निर्देशित किया। विभाग के द्वारा त्वरित कार्यवाही कर ग्राम में ट्रांसफार्मर स्थापित कर बिजली आपूर्ति पुनः बहाल कर दी गई। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है। सीएम कैंप कार्यालय बगिया में रोजाना बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याओं को लेकर पहुंच रहे हैं। बिजली, सड़क, पेयजल या विकास कार्यों से जुड़ी समस्याएं यहां तुरंत सुनी जाती हैं और समाधान की दिशा में तत्काल कदम उठाए जाते हैं।

### आंकलन एवं परीक्षण शिविर का आयोजन 27 को

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार समाज कलयाण विभाग द्वारा 27 सितम्बर 2025 को जनपद मुख्यालय मनोरा में जिला स्तरीय आकलन एवं परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पेंशन समस्या का निवारण एवं सहायक उपकरण वितरण किए जाएंगे। समाज कल्याण विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों से हितग्राहियों को निर्धारित समयावधि में शिविर स्थल पर उपस्थित कराने हेतु संबंधित विभाग प्रमुखों से आग्रह किया गया है। ताकि शिविर का लाभ हितग्राहियों को मिल सके।

### जिले में 1 जून से अब तक 10391.0 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में 01 जून से अब तक 10391.0 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 25 सितम्बर तक की स्थिति में 10253.8 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 14.7 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 1200.7 मिमी, मनोरा में 1297.1 मिमी, कुनकुरी में 1472.8 मिमी, दुलदुला में 641.9 मिमी, फरसाबहार में 790.9 मिमी, बगीचा में 1133.9 मिमी, कांसाबेल में 969.3 मिमी, पत्थलगांव में 931.6 मिमी, सन्ना में 1213.5 मिमी एवं बागबहार में 739.3 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी में दर्ज की गई है।

### सर्पदंश से गंभीर बालक युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** चांदो थाना अंतर्गत ग्राम मडवा निवासी संतोष कुमार आ. रीझू नाग (24 वर्ष) 22 सितंबर को खेत में लगी धान फसल में कीटनाशक छिड़काव करने गया था। जैसे ही युवक खेत में छिड़काव करने लगा तभी जहरीले सांप ने उसके पैर में डस लिया। युवक घर पहुंच कर परिजन को घटना की जानकारी दी। परिजन स्थानीय अस्पताल में उपचार कराने के पश्चात शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान आज सुबह युवक की मौत हो गई। इसी प्रकार दूसरी घटना में जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम कल्याणपुर निवासी सत्यम राजवाड़े आ. जीतन प्रसाद (6 वर्ष) गत दिन अपने नए घर में टांगी लेने गया था। बालक कमरे में टांगी ढूंढ रहा था तभी जहरीले सांप ने उसके अंगूठे में डस लिया। बालक ने सांप द्वारा डस लेने की जानकारी परिजन को दी। परिजन उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान बालक की मौत हो गई।

## स्व. दिलीप सिंह जूदेव की पहल पर मिली थी सौगात

# रेलवे टिकट बुकिंग काउंटर बंद जशपुरवासियों की बढ़ी मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

रेलवे लाइन से अब तक वंचित जशपुर जिले के लोगों के लिए डाकघर के जरिए शुरू की गई रेलवे टिकट बुकिंग सेवा किसी वरदान से कम नहीं थी। लेकिन अब यह सुविधा बंद हो चुकी है। दिल्ली से जारी आदेश के बाद सितंबर माह से जशपुर डाकघर का रेलवे बुकिंग काउंटर पूरी तरह बंद कर दिया गया है। इससे जिले के हजारों यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है।

■ दिल्ली से आया आदेश

सालों पहले जब जिले के लोगों को टिकट लेने के लिए रायगढ़ और रांची जैसे दूरस्थ शहरों का रुख करना पड़ता था, तब तत्कालीन सांसद स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव ने संसद और मंत्रालय स्तर पर पहल की थी। उनकी कोशिशों से ही जशपुर डाकघर में रेलवे टिकट बुकिंग काउंटर की शुरुआत हुई। उस दौर में इसे जिले के लिए बड़ी उपलब्धि माना गया, क्योंकि रेल लाइन की सुविधा से वंचित होने के बावजूद लोगों को घर के पास ही टिकट मिलने लगे थे। खासकर छात्र, मजदूर और आम यात्रियों ⏭ शेष पेज 4 पर



### रांची-रायगढ़ पर फिर बढ़ा बोझ

अब यात्रियों को टिकट के लिए एक बार फिर रांची या रायगढ़ का रुख करना पड़ेगा। जशपुर से रांची की दूरी लगभग 180 किलोमीटर है, जबकि रायगढ़ भी करीब 210 किलोमीटर दूर है। इस दूरी को तय करने में न सिर्फ समय बर्बाद होता है, बल्कि खर्च भी कई गुना बढ़ जाता है। जिन यात्रियों का बजट पहले ही सीमित रहता है, उनके लिए यह भारी बोझ है।

### यात्रियों की नाराजगी

स्थानीय यात्री मनोज यादव का कहना है कि हम लोग मजदूरी के लिए बाहर जाते हैं। टिकट कराने के लिए रांची या रायगढ़ जाना पड़े तो मजदूरी का आधा पैसा सफर में ही खर्च हो जाएगा। सरकार को हमारी दिक्कत समझनी चाहिए। वहीं, छात्रा सीमा टोप्पो कहती हैं कि ऑनलाइन टिकट बुकिंग सबके बस की बात नहीं है। पोस्ट ऑफिस से हमें आसानी हो जाती थी। अब हमें फिर से भटकना पड़ेगा।

### ऑनलाइन टिकट सुविधा हर किसी की पहुंच में नहीं

हालांकि रेलवे विभाग का तर्क है कि आज ऑनलाइन टिकट बुकिंग का जमाना है, लेकिन जशपुर जैसे आदिवासी बहुल और ग्रामीण जिले में यह सुविधा सभी के लिए आसान नहीं है। कई गांवों में नेटवर्क की समस्या है। बुजुर्ग और ग्रामीण यात्रियों के लिए ऑनलाइन बुकिंग समझ पाना मुश्किल है। साइबर कैफे या एजेंटों पर निर्भर रहने से अतिरिक्त शुल्क देना पड़ता है।इन कारणों से आम जनता के लिए डाकघर काउंटर ही सबसे भरोसेमंद साधन था।

### बुकिंग कम

प्रतिदिन 10 से भी कम बुकिंग होने की वजह से कॉउंटर को बंद किया गया है। इस संबंध में पत्र प्राप्त होने के बाद ही कॉउंटर को बंद किया गया है। जहां भी प्रतिदिन 10 से कम बुकिंग हो रही थी उस पोस्ट ऑफिस में बुकिंग कॉउंटर को बंद किया गया है।

-लक्ष्मी प्रधान
पोस्टमास्टर जशपुर

# म्यूल अकाउंट व साइबर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



म्यूल अकाउंट और साइबर ठगी के मामलों में फरार चल रहे आरोपी गौस खान उर्फ बाबा खान उम्र 28 वर्ष को जशपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपी ने अपने साथी फिरोज खान के साथ मिलकर रायगढ़ की व्यवसायी महिला यशोदा कुर्रे के बैंक खाते और उससे जुड़े मोबाइल नंबर का दुरुपयोग कर लाखों रुपए की ठगी की थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, व्यवसायी महिला के खाते से लगभग 40 लाख रुपए ट्रांसफर किए गए। आरोपियों ने इस खाते का इस्तेमाल देश के विभिन्न हिस्सों में ठगी के लिए किया। इससे पहले इस मामले में आरोपी फिरोज खान को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### जानें कैसे हुआ मामला उजागर

जशपुर पुलिस की साइबर सेल ने आईडीएफसी बैंक पत्थलगांव शाखा में एक म्यूल अकाउंट संख्या 10170772636 को चिन्हित किया। जांच में पता चला कि खाता यशोदा कुर्रे नामक व्यवसायी महिला का है, जो ग्राम कापू, जिला रायगढ़ की रहती हैं और कुर्रे कंप्यूटर्स के नाम से फोटो कॉपी और स्टेशनरी की दुकान चलाती हैं। जांच में महिला ने बताया कि दिसंबर 2024 में फिरोज खान उनके दुकान पर आया और कहा कि उसके बैंक खाते में अत्यधिक ट्रांजैक्शन के कारण पैसे नहीं आ पा रहे हैं।

**फरार आरोपी की गिरफ्तारी:** पुलिस ने जांच के दौरान अन्य संलिप्त व्यक्तियों की पहचान की। फिरोज खान की निशानदेही पर गौस खान उर्फ बाबा खान को चिन्हित किया गया। तकनीकी टीम और मुखबिर की मदद से पता चला कि आरोपी अपने गृह ग्राम शक्ति में मौजूद है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देश पर पुलिस टीम ने उसे हिरासत में लेकर जशपुर लाया और गिरफ्तार किया। गौस खान ने पूछताछ में स्वीकार किया कि 2024 में उसने बिलासपुर की एक पैथोलॉजी लैब में काम करते समय एक व्यक्ति के कहने पर व्यवसायी महिला का खाता और मोबाइल नंबर उपलब्ध कराया था। इसके एवज में उसे 50,000 रुपए मिले, जिन्हें उसने खर्च कर दिया। आरोपी के कब्जे से एक मोबाइल फोन, सिम और पैन कार्ड जप्त किए गए हैं।

**साइबर ठगी पर पुलिस की सतत नजर:** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि जशपुर पुलिस म्यूल अकाउंट और साइबर ठगी पर सतत नजर रखे हुए है और ऐसे मामलों में किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

## मुख्यमंत्री साय ने दो सड़कों के निर्माण के लिए दी बड़ी सौगात

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिले के सड़क विकास को नई दिशा देते हुए दो महत्वपूर्ण मार्गों के निर्माण के लिए मंजूरी प्रदान की है। ग्रामीण अंचल के लोगों की वर्षों पुरानी मांग अब पूरी होने जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार जिले के कुंजारा बोराटोंगरी से ढोंगाअंबा पहुंच मार्ग के निर्माण के लिए 2 करोड़ 75 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है।वहीं एनएच-43 मुख्य मार्ग से बोड़ाटोंगरी पहुंच मार्ग के निर्माण हेतु 1 करोड़ 78 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीणों के आवागमन में बड़ी सुविधा होगी। अब तक इन इलाकों के लोगों को बरसात के दिनों में कीचड़ और धूल से जूझना पड़ता था, वहीं किसानों को भी अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद ग्रामीणों को बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचना आसान होगा और क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलेगी। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सौगात क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही जरूरत को पूरा करेगा और आने वाले समय में गांवों की तस्वीर बदलेगा।




■ 4 करोड़ 53 की लागत से जल्द शुरू होगा निर्माण कार्य, क्षेत्र वासियों ने जताया आभार

## फरसाटोली से कोल्हेझरिया पहुंच मार्ग का गोमती साय ने किया भूमिपूजन

**कोतबा।** आजादी के 78 साल बाद क्षेत्रीय ग्रामीण विकास की मुख्यधारा कोतबा के फरसाटोली से कोल्हेझरिया पहुंच मार्ग का भूमिपूजन सरगुजा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष व विधायक गोमती साय ने किया।

असल मे दो जिले के दो ब्लॉक फरसाबहार व पत्थलगांव की सीमा में के बीच स्थित होने से आज तक इस मार्ग में विकास नही पहुंच पाया था। रोजाना साप्ताहिक बजारो में जाने का पहुंच मार्ग है। यह मार्ग ग्रामीणों के जीवन में नई सुविधा और विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।कोतबा क्षेत्र के फरसाटोली से कोल्हेझरिया पहुंच मार्ग का बुधवार को विधिवत भूमिपूजन पत्थलगांव विधायक एवं सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष गोमती साय ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सुरुचि पैंकरा, मण्डल अध्यक्ष जगेश्वर यादव, सांवरिया अग्रवाल, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता बंधु, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। गोमती साय ने कहा कि इस सड़क के निर्माण से फरसाटोली, कोल्हेझरिया सहित आसपास के गांवों को आवागमन की बेहतर सुविधा प्राप्त होगी, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि एवं व्यापारिक गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए राज्य और केंद्र सरकार लगातार प्रयासरत है।




## बिहान योजना की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक



**जशपुरनगर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में विगत दिवस जिला पंचायत सभागार जशपुर में बिहान योजना अंतर्गत जिला स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिसमें राज्य स्तर से एएसपीएम एफआई श्री संतोष कुमार शर्मा ने बिहान अंतर्गत कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में जिले के सभी 8 विकासखंड से बैंक शाखा प्रबंधक, बीपीएमएस, एरिया कोऑर्डिनेटर सहित 125 प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। बैठक के दौरान बिहान योजना की अवधारणा, स्व सहायता समूह क्रेडिट लिंकेज, लोन टिकट साइज, एंटरप्राइज फाइनेंस, बीसी सखी मॉडल, बीमा योजनाएँ तथा एनपीए निराकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। समीक्षा बैठक में जिले के लीड बैंक अधिकारी वाल्टर भेंगरा ने मुद्रा लोन एवं बैंक लिंकेज के जमा प्रकरण को जल्द से जल्द भुगतान करने हेतु रणनीति पर गहन चर्चा की। जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने सभी बिहान के कर्मचारियों एवं बैंक प्रबंधकों को समयबद्ध तरीके से लक्ष्य प्राप्त करने एवं उपलब्धियों को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। समीक्षा बैठक का मुख्य उद्देश्य बैंक एवं बिहान कर्मचारियों से संबंधित वित्तीय पहलुओं की गहन जानकारी उपलब्ध कराना था, जिससे वे अपने कार्यक्षेत्र में और अधिक प्रभावी एवं परिणामदायी ढंग से कार्य कर सकें।

## एनएसएस स्थापना दिवस पर सेवा, अनुशासन और खेलभावना का संदेश

**जशपुरनगर।** शासकीय संत रामेश्वर गहिरा गुरुजी महाविद्यालय, बगीचा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का स्थापना दिवस बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। दिनभर चले इस आयोजन में सेवा, अनुशासन और खेलभावना का अद्भुत संगम देखने को मिला।

■ गहिरा गुरुजी महाविद्यालय, बगीचा में कार्यक्रम संपन्न

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया, जिसने वातावरण को उल्लासमय बना दिया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ.राजीव रंजन तिग्गा ने स्वागत उदबोधन में एनएसएस की ऐतिहासिक भूमिका और उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह योजना युवाओं में समाजसेवा और राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करती है। विशिष्ट अतिथि एलआर चौहान ने अपने प्रेरणादायक उदबोधन में कहा – "अनुशासन ही सफलता का आधार है। यदि छात्र-छात्राएं आत्मविश्वास और मेहनत से आगे बढ़ें तो कोई लक्ष्य कठिन नहीं।"मुख्य अतिथि नगर पंचायत बगीचा के अध्यक्ष प्रभात सिदाम ने युवाओं को सेवा और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एनएसएस जैसे मंच छात्रों को समाजसेवा और नेतृत्व का अवसर प्रदान करते हैं। स्थापना दिवस का मुख्य आकर्षण रहा वॉलीबॉल मैच, जिसकी शुरुआत मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर और शुभकामनाएं देकर की। मैच का संचालन रेफरी शिवदत्त पाठक की अगुवाई में हुआ, जिन्होंने निष्पक्षता और अनुशासन के साथ खेल को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।




## बाढ़ आपदा से बचाव एवं राहत कार्यों के लिए मॉकड्रिल

**जशपुरनगर।** भारत शासन गृह मंत्रालय के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण जशपुर के संयुक्त तत्वाधान में मयाली नेचर कैम्प एवं ईब नदी पर हस्तिनापुर पुल में बाढ़ आपदा से बचाव एवं राहत कार्यों के अभ्यास हेतु एकदिवसीय राज्यस्तरीय मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

■ आपदा के समय आवश्यक तैयारियों एवं मानक संचालन प्रक्रिया का किया गया अभ्यास

इस अवसर पर एक आभाषी आपदा का संभावित परिदृश्य बनाकर बाढ़, जलभराव आदि के समय प्रभावित लोगों के बचाव के मानक संचालन प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में इस राज्यस्तरीय मॉक ड्रिल में विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जल संसाधन विभाग, राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग, नगर सेना, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, पुलिस विभाग, वन विभाग डीडीआरएफ के द्वारा संयुक्त रूप से बचाव प्रक्रिया का अभ्यास एवं प्रदर्शन किया गया।



### 28 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक होगा जशपुर गरबा, डांडिया नृत्य, धूवन नृत्य, झांकी एवं भक्तिमय कार्यक्रम

# जशपुर गरबा महोत्सव में माता की भक्ति में सराबोर श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

श्री बालाजी जनकल्याण समिति द्वारा आयोजित 21वां जशपुर गरबा महोत्सव 2025 का कार्यक्रम प्रारंभ हो चुका है। समिति द्वारा जशपुर गरबा, डांडिया नृत्य, धूवन नृत्य, झांकी एवं भक्तिमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। माता की भक्ति में लीन श्रद्धालु गरबा की सुरम्य लय पर झूमते हुए पूरे वातावरण को भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बना रहे हैं। जशपुर गरबा महोत्सव का मुख्य आयोजन 28 सितंबर 2025 से शुरू होकर 1 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। जिसमें छत्तीसगढ़ के सुपरस्टार जशपुर के शान खगेश सारथी, जशपुर के कमलेश्वर सारथी, हर्ष मिश्रा और बालाजी म्यूजिकल ग्रुप के सभी कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा दशहरा उत्सव के उपलक्ष्य में विराट कवि सम्मेलन एवं संगीतमय प्रस्तुति का आयोजन 3 अक्टूबर 2025 को शाम 6.00 बजे से किया जाएगा। समस्त कार्यक्रम टेलीफोन एक्सचेंज के ठीक सामने बालाजी ग्राउंड में होगा।





### देश के विख्यात हास्यकवि होंगे मंच पर

विराट कवि सम्मेलन में देश के प्रसिद्ध हास्य कवि में मुम्बई से ऐहसान कुरैशी, दिनेश बावरा, रोहित शर्मा और दिल्ली से पद्मिनी शर्मा कविताओं के द्वारा सभी को हंसने पर विवश करेंगे। इस वर्ष श्री बालाजी समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रमों को लेकर के जशपुरवासियों में बहुत उत्साह देखा जा रहा है। क्योंकि नवरात्रि का त्यौहार एक वर्ष के बाद आता है, इसलिए इस कार्यक्रम में लोग बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हैं और माता की भक्ति में लीन रहते है। इस वर्ष श्री बालाजी जनकल्याण समिति द्वारा आयोजित गरबा महोत्सव 2025 और भी खास होने वाला है जिसमें मुंबई के कई सितारे मंच पर अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम की भव्यता को देखते हुए बालाजी जन कल्याण समिति के सदस्यों के द्वारा कार्यक्रम की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। श्री बालाजी जनकल्याण समिति के प्रत्येक कार्यक्रम को जशपुर की जनता से ढेर सारा आशीर्वाद मिला आ रहा है।

### 700 से अधिक प्रतिभागियों ने कराया गरबा में रजिस्ट्रेशन

जशपुर गरबा 2025 का मुख्य कार्यक्रम 28 सितंबर 2025 नवरात्रि के छठवें दिन से प्रारंभ होने वाला है जो की टेलीफोन एक्सचेंज के ठीक सामने बालाजी ग्राउंड में आयोजित होगा। अभी तक 700 से अधिक गरबा प्रतिभागियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कर लिया है। यह कार्यक्रम शाम 6.00 बजे से प्रारंभ होकर के रात्रि 11.00 बजे तक चलेगा।

## स्वच्छता ही सेवा के तहत चला एक दिन, एक घंटा, एक साथ अभियान



**कोतबा।** नगर पंचायत कोतबा के आह्वान में स्वक्षता ही सेवा 2025 अंतर्गत17 सितंबर से 2 अक्तूबर, 2025 तक चल रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान "एक दिन, एक घंटा, एक साथ" अभियान का नेतृत्व मुख्य नगर पालिका अधिकारी टी.आर.यादव ने किया। कोतबा नगर के हाईस्कूल मैदान में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार स्वामी आत्मानंद सेजेस कोतबा व हॉस्टल के छात्र छात्राओं नगर पंचायत के स्वक्षता दूतों, स्वक्षता दीदियों सहित जनप्रतिनिधि एक साथ सुबह 7:30 बजे उपस्थित होकर पूरे कैम्पस में वृहद स्वक्षता अभियान चलाया गया। इस वर्ष स्वक्षता अभियान की थीम "स्वच्छोत्सव"रखी गई है। इसके तहत पूरे नगर में लोगों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करने अनेक कार्यक्रम रोजाना आयोजित किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### विद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस



**रामानुजनगर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामानुजनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया गया। स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर पुष्प व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस दौरान विद्यालय प्रभारी प्राचार्य सीमा दुबे, व्याख्याता विकास नामदेव, गोपाल सिंह, नरेश गुप्ता, नितिन सिन्हा, विद्या जायसवाल, मंजरी तिवारी, श्रुति साहू, आशा बरवा, शिक्षक प्रकाश जोल्हे, बिहारी लाल साहू, वर्षा सिंह, श्याम सिंह मरावी, विकास देवांगन, आकांक्षा जायसवाल एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम अधिकारी दिलीप कुमार शर्मा द्वारा किया गया।

### सभापति मोनिका सिंह ने वितरित की स्वेच्छानुदान राशि



**रामानुजनगर।** जिला पंचायत सदस्य मोनिका सिंह ने मंगलवार को स्वेच्छानुदान का चेक वितरित किया। स्वेच्छानुदान से सहायता राशि पाकर जरूरतमंदों ने बड़ी राहत महसूस की। क्षेत्र क्रमांक 15 से जिला पंचायत सदस्य मोनिका सिंह ने रामानुजनगर स्थित विश्रामगृह में अपने क्षेत्र के वृद्ध दिव्यांग व जरूरतमंद लोगों को स्वेच्छानुदान का चेक वितरित किया। स्वेच्छानुदान राशि वितरण में जिले भर के जिला पंचायत सदस्यों में बाजी मार ली। कुल 101 जरूरतमंदों को पांच पांच हजार रुपए का चेक वितरण किया गया। मोनिका सिंह ने कहां कि जरूरतमंदों की मदद करना पहली प्राथमिकता है। चेक वितरण कार्यक्रम में बनारसी राजवाड़े,जय प्रकाश उपाध्याय, सुमंत साहू, शिवदयाल सिंह, सुनील साहू, राधेश्याम शर्मा, सुखसाय बैगा, गणपत सिंह, सुरेश मरकाम, बंशीलाल शर्मा, हिंगबली पैकरा, अजय सिंह, नारायण विश्वकर्मा, तीरथ राजवाड़े, हीरा लाल राजवाड़े, सुशील सिंह, विजय सिंह, प्रमिला तिवारी, शशांक दुबे सहित बड़ी संख्या में भाजयुमो कार्यकर्ता व हितग्राही उपस्थित थे।

### रन फॉर आयुर्वेद में स्वस्थ आहार-विहार अपनाने दिलाई गई शपथ



**अम्बिकापुर।** आयुर्वेद दिवस पर मंगलवार को रन फॉर आयुर्वेद का आयोजन किया गया। महापौर मंजूषा भगत ने हरी झंडी दिखाकर गांधी स्टेडियम से दौड़ का शुभारंभ कराया। घड़ी चौक तक दौड़ लगाने के बाद प्रतिभागी वापस स्टेडियम पहुंचे जहां दौड़ का समापन किया गया। इस दौरान विभाग द्वारा इम्युनिटी बूस्टर काढ़ा वितरित किया गया। इस दौरान महापौर मंजूषा भगत ने कहा कि लोगों का आयुर्वेद के प्रति विश्वास बढ़ा है आयुर्वेद हमारी प्राचीन चिकित्सा पद्वति है जिसका हम रोजमर्रा की जिंदगी में उपयोग कर रहे हैं। जिला आयुष अधिकारी डॉ.शशिबाला जायसवाल ने स्वस्थ जीवन के लिए ऋतुचर्या अनुसार आहार-विहार करने की जानकारी दी साथ ही विभाग द्वारा संचालित योगाभ्यास, लाइफस्टाइल सुप्रजा, मस्कुलर डिसऑर्डर, ऑस्टियोआर्थराईटिस, सियान जतन कार्यक्रम के बारे में लोगों को अवगत कराया। डॉ.संध्या पाण्डेय ने आयुर्वेद दिवस के महत्व एवं ऋतु परिवर्तन की सावधानियों को विस्तार से बताया। महापौर ने उपस्थित लोगों को स्वस्थ आहार-विहार की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ.पवन गुप्ता ने किया इस दौरान डॉ.डीके जायसवाल, डॉ.विनोद सिंह पैकरा, डॉ.नम्रता सिंह, डॉ.दीपा साहू, डॉ.भारती परिहार, डॉ.शहनाज परवीन, डॉ.प्रीति कौशल, डॉ.शहनाज परवीन, डॉ.ज्योति मिश्रा, डॉ.अनिस अहमद मंसूरी, डॉ.ख्वाजा फखरूद्दीन, डॉ.अतुल मरकाम, डॉ.आरके मिश्रा, डॉ.मयंक शर्मा, डॉ.बीपी मिश्रा, डॉ.सुनील मंदिलवार सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### एकलव्य आवासीय विद्यालय भवन निर्माण की जांच शुरू

**प्रतापपुर।** 38 करोड़ की लागत से प्रतापपुर में बन रही एकलव्य आवासीय विधालय भवन निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग करने के मामले में जांच शुरू कर दी गई है। प्रशासन ने इसके लिए टीम का गठन किया है।
हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद न सिर्फ प्रशासन हरकत में आई बल्कि भवन निर्माण में बरती जा रही अनियमितता की जांच करने जांच टीम गठित की है। जांच टीम को सात दिन के भीतर जांच रिपोर्ट पेश करना है। 38 करोड़ की लागत से प्रतापपुर में बन रहे एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भवन के निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार और घटिया सामग्री उपयोग की शिकायतों पर अब आधिकारिक जांच शुरू कर दी गई है। कलेक्टरने ब्लॉक स्तरीय ईएमआरएस निर्माण प्रबंधन समिति को निर्देशित किया है कि वह समिति के सदस्यों के साथ मिलकर स्थल निरीक्षण करे और निर्माण कार्य से जुड़ी शिकायतों की विस्तृत जांच रिपोर्ट 7 दिनों के भीतर प्रस्तुत करे।

### एक कमरे में भेड़-बकरियों की तरह बैठते हैं पांच कक्षाओं के बच्चे

# एक शिक्षक के भरोसे कुबेरपुर के 121 बच्चों का भविष्य, शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण बेअसर



जर्जर स्कूल भवन।



प्रायमरी के सभी बच्चों को एक साथ पढ़ाती शिक्षिका।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/बिहारपुर

विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत दूरस्थ ग्राम पंचायत कुबेरपुर के प्राथमिक शाला में अध्ययनरत 121 बच्चों का भविष्य वर्षों से एकमात्र शिक्षिका गढ़ रही है। ग्रामीणों ने कइ्र बार स्कूल में अतिरिक्त शिक्षक की पदस्थापना करने की मांग की लेकिन विभाग पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्ताव पारित करने के बावजूद विभाग द्वारा स्कूल में अतिरिक्त शिक्षक की पदस्थापना नहीं की गई है।

**खास बात**

- जर्जर शाला भवन हुआ खतरनाक, पानी की भी नहीं व्यवस्था

शालाओं की स्थिति में सुधार करने के साथ ही शैक्षिक गुणवत्ता को उत्कृष्ठ बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार लगातार नई-नई योजनाएं संचालित कर रही है। हाल ही में स्कूलों में पदस्थ शिक्षकों में समानता लाने के उद्देश्य से युक्तियुक्तकरण कर बच्चों की दर्ज संख्या के आधार पर शिक्षकों की पदस्थापना की गई। इसके पूर्व राज्य शासन द्वारा स्कूल जतन योजना के तहत जर्जर शालाओं की मरम्मत एवं नवीनीकरण किया गया। यह जानकर हैरानी होगी कि अधिकारियों की लापरवाही के कारण शासन की दोनों ही योजनाएं ग्राम पंचायत कुबेरपुर तक नहीं पहुंची। कुबेरपुर प्राथमिक शाला में 121 बच्चे दर्ज है तथा एकमात्र शक्षिका ममता लकड़ा एक साथ प्राथमिक शाला के पांच कक्षाओं के बच्चोंा वर्षों से पढ़ा रही हैं। युक्तियुक्तकरण के तहत विभाग ने प्रतापपुर एवं रामानुजनगर के दो शिक्षकों को पदस्थ किया था लेकिन शिक्षक ज्वाइनिंग देने भी नहीं पहुंचे। विभाग दोनों शिक्षकों को निकट के शालाओं में पदस्थ कर कुबेरपुर प्राथमिक शाला का युक्तियुक्तकरण करना भूल गया। एकमात्र शिक्षिका के विभागीय बैठकों में शामिल होने पर स्कूल बंद हो जाता है तथा बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बीईओ से अतिरिक्त शिक्षक पदस्थ करने की मांग अनेकों बार की लेकिन कोई पहल नहीं हुई। पंचायत ने भी प्रस्ताव पारित कर बीईओ से अतिरिक्त शिक्षक पदस्थ करने की मांग की लेकिन हालत नहीं बदली। इस संबंध में कुबेरपुर के सरपंच सूरजलाल सिंह ने बताया कि स्कूल में एकमात्र शिक्षिका पदस्थ होने के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। इस संबंध में कई बार बीईओ को अवगत कराया गया लेकिन स्थिति सुधारने की कोई पहल नहीं हो सकी है।

#### छत से टपकता है पानी

बरसात के दिनों में स्कूल की छत से पानी टपकता है मरम्मत के अभाव में स्कूल भवन की दीवारें जर्जर हो गई हैं तथा दीवारों में जगह-जगह दरारें आ गई हैं। खतरे को देखते हुए अतिरिक्त कक्ष के एक कमरे में शाला का संचालन किया जा रहा है। अतिरिक्त कक्ष में एक साथ कक्षा पहली से पांचवीं तक के बच्चे कठिन परिस्थितियों में बैठकर पढ़ाई करते हैं। शिक्षिका एक साथ सभी कक्षाओं के बच्चों को पढाती हैं।

#### नहीं है पेयजल की व्यवस्था

विद्युत विस्तार के अभाव में बच्चों को पेयजल उपलब्ध कराने क्रेडा द्वारा शाला परिसर में सोलर पंप लगाया गया था जो पिछले दो वर्ष से बंद है। शिक्षिका ने क्रेडा के अधिकारियों से अनेकों बार इसकी शिकायत की लेकिन अधिकारियों ने पंप सुधारने की पहल नहीं की। स्कूल में पानी उपलब्ध नहीं होने के कारण मध्यान्ह भोजन बनाने के लिए दूर से पानी लाना पड़ता है। मध्यान्ह भोजन के बाद स्कूल के बच्चे अपने थानी की सफाई करने गांव में स्थित हैण्डपंप तक जाते हैं।

#### बीईओ से लेता हूं जानकारी

मुझे कुबेरपुर शाला की स्थिति की जानकारी नहीं है। हाल ही में मैंने प्रभार ग्रहण किया है। वर्तमान में संलग्निकरण की व्यवस्था नहीं है। मैं बीईओ से शाला की जानकारी लेता हूं।

-अजय कुमार मिश्रा
डीईओ, सूरजपुर



### आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर आत्मचिंतन और समाज जागरण का लेंगे संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश करने जा रहा है, इस अवसर पर बिश्रामपुर में बुधवार आयोजित एक प्रेस वार्ता में खंड संघचालक कुलवंत सिंह, सूरजपुर जिले के सहकार्यवाह विजय शर्मा और जिला जागरण पत्रिका प्रमुख सुशांत मंडल उपस्थित रहे,प्रेस वार्ता में संघ के सुरजपुर जिला सह कार्यवाह विजय शर्मा ने कहा कि हमारे शताब्दी वर्ष का मकसद उत्सव नहीं,बल्कि राष्ट्र के लिए आत्मचिंतन और समाज की सेवा में खुद को और अधिक समर्पित करना है।

पूरे वर्षभर का कार्यक्रम संघ कार्य के विस्तार,गुणवत्ता और संगठनात्मक सुदृढ़ता पर केंद्रित रहेगा, श्री शर्मा ने कहा कि संघ का शताब्दी वर्ष विजयादशमी उत्सव 25 सितंबर से 15 अक्टूबर तक पथ संचलन के रूप में किया जाएगा,इस दौरान गणवेशधारी स्वयंसेवकों के मंडल और बस्ती स्तर पर विशेष आयोजन होंगे,विजय शर्मा ने स्पष्ट किया कि संघ का उद्देश्य सिर्फ जश्न नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए पुनः समर्पित होना है,उन्होंने प्रेस वार्ता में शताब्दी वर्ष की पूरी रूपरेखा विस्तार से बताते हुए कहा कि 1 नवंबर से दृष्ट संपर्क अभियान चलाया जाएगा,जिसमें हर गांव,हर बस्ती,घर-घर संघ साहित्य और करपत्रक वितरित किए जाएंगे।स्थानीय इकाईयां संपर्क अभियान के जरिए संगठन का दायरा बढ़ाएंगी।1 दिसंबर से 31 दिसंबर तक हिंदू सम्मेलन किया जाएगा,जिसमें सभी मंडलों व बस्तियों में सम्मेलन होंगे,यहां पर एकता,सद्भाव और पंच परिवर्तन में समाज की साझेदारी का संदेश दिया जाएगा,1 से 31 जनवरी तक युवा सम्मेलन किया जाएगा जिसमें युवाओं के लिए राष्ट्र निर्माण और सेवा गतिविधियों पर केंद्रित कार्यक्रम व युवाओं को पंच परिवर्तन और सामाजिक नेतृत्व की दिशा में प्रेरित किया जाएगा,1 से 28 फरवरी तक सामाजिक सद्भाव बैठकें की जाएंगी,जिसमें सूरजपुर जिले के 10 स्थानों पर बैठकें होंगी,इसमें छुआछूत और अस्पृश्यता के पूर्ण बहिष्कार का संकल्प लिया जाएगा। पूरे मार्च महीने भर जन गोष्ठियां कराई जाएंगी,जिसमें जिला केंद्र पर सज्जन शक्तियों के बीच संवाद,राष्ट्रीय मुद्दों पर सही विमर्श स्थापित करना और भ्रांतियों को दूर करना लक्ष्य रहेगा।उन्होंने कहा कि शाखाओं के माध्यम से हिन्दू समाज को संगठित करने के प्रयासों पर विशेष बल दिया जा रहा है,संघ का केंद्रीय लक्ष्य हिंदू समाज का पुनर्जागरण और संगठन है।उन्होंने कहा कि यह पूरा कार्यक्रम सुरजपुर जिले के 549 ग्रामों, 57 मंडलों, 63 स्थानों पर किए जाएंगे।

## जीएसटी में कमी से जनता को सीधी राहत : लक्ष्मी राजवाड़े



हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने जिले के विभिन्न दुकानों का भ्रमण कर ग्राहकों से सीधे संवाद किया। उन्होंने वस्तु एवं सेवा कर सीएसटी में कमी से आम लोगों को मिलने वाले प्रत्यक्ष लाभ की जानकारी दी और कहा कि यह कदम लोगों की आर्थिक बोझ को कम करने के लिए उठाया गया है।

- कैबिनेट मंत्री ने की दुकानों में ग्राहको से सीधी बातचीत

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और राज्य सरकार जनता के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुओं पर जीएसटी में भारी कमी की है। जीएसटी में कमी से लोगों की रोज़मर्रा की आवश्यक वस्तुएं अब और भी किफायती हो गई हैं। यह पहल गरीब, मध्यम वर्ग और छोटे व्यापारियों के लिए बड़ी राहत साबित होगी। ग्राहकों ने भी मंत्री से बातचीत करते हुए अपनी संतुष्टि जाहिर की। एक ग्राहक ने कहा कि अब बाजार में सामान की कीमतें पहले से कम हैं, जिससे परिवार की ज़रूरतें पूरी करने में सहूलियत हो रही है। वहीं छोटे व्यापारियों ने भी बताया कि इससे ग्राहकों का रुझान बढ़ा है और बिक्री में सकारात्मक असर देखी जा रही है। जागरूकता अभियान के तहत दुकानों में विशेष स्टीकर लगाए गए, ताकि आम लोग जीएसटी में कमी से मिलने वाले फायदों से अवगत हो सकें। मंत्री ने उपस्थित नागरिकों से कहा कि वे भी अपने आस-पास के लोगों को इसके बारे में जानकारी दें, जिससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। इस दौरान विधायक भुलन सिंह मरावी व अन्य जनप्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित रहे।

#### अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र से ग्रामीणों को मिल रहा बैंकिंग व अन्य सेवाओं का लाभ

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इंडिया अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से जिले में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि ग्रामीण अंचलों को बैंकिंग सहित सभी सीएससी सेवाएं पंचायत स्तर पर ही उपलब्ध हो सकें। उक्त बाते जिला पंचायत कार्यालय में आयोजित एक बैठक को संबोधित करने के दौरान मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कही। बैठक में जिले के सभी सरपंचों एवं सीएससी द्वारा अधिकृत वीएलई उपस्थित रहे। बैठक में चर्चा की गई कि अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र के माध्यम से ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाएं, बिजली बिल भुगतान, पेंशन व बीमा योजनाएं, आधार व अन्य शासकीय योजनाओं की सेवाएं सीधे पंचायत स्तर पर उपलब्ध होंगी। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि यह केंद्र ग्रामीणों की समय और संसाधन की बचत के साथ-साथ उन्हें डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने सरपंचों और वीएलई से कहा कि वे पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करते हुए अधिक से अधिक लोगों तक इन सेवाओं का लाभ पहुंचाएं। बैठक में विधायक भुलन सिंह मरावी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि पैकर सहितजनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



## सिलफिली उद्यानिकी कालेज को आबंटित जमीन की सीमांकन प्रक्रिया पर हाई कोर्ट ने लगाई रोक, मामला अधर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सिलफिली की स्थापना को लेकर आज बुधवार को प्रस्तावित सीमांकन कार्य पर माननीय उच्च न्यायालय के आदेश प्राप्त होने के बाद रोक लगा दी गई साथ ही मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े की उपस्थिति में मदनपुर में प्रभावित लोगों के साथ बैठक कर आपसी तालमेल मिलाकर निराकरण करने का प्रयास किया गया।

- मंत्री प्रतिनिधि ने मौके पर पहुंचकर आपसी सहमति से मामले का निराकरण करने का दिया सुझाव, प्रभावित ग्रामीणों ने जताई नाराजगी



गौरतलब है कि राज्य शासन ने 4 जुलाई 2025 को जारी आदेश में ग्राम पंचायत मदनपुर की 13.89 हेक्टेयर और करवां की 18 हेक्टेयर भूमि उद्यानिकी महाविद्यालय के नाम हस्तांतरित की है,कलेक्टर सूरजपुर ने उक्त भूमि का सीमांकन कर भौतिक अधिपत्य सुनिश्चित कराने का आदेश दिया है,इसी तारतम्य में बुधवार को ग्राम पंचायत मदनपुर में जिस भूमि का चिन्हांकन उद्यानिकी महाविद्यालय निर्माण कार्य हेतु किया गया है, उसका सीमांकन कार्य पूर्ण किए जाने की पहल लटोरी तहसीलदार सुरेंद्र पैकरा द्वारा की गई थी।

यहां पर लटोरी तहसीलदार द्वारा करीब 34 लोगों को सप्ताह भर पूर्व ही नोटिस भी जारी किया गया था, बुधवार को प्रभावित लोगों के विरोध व छह लोगों द्वारा उच्च न्यायालय बिलासपुर में दायर रिट याचिका पर जारी हुए स्थगन आदेश की वजह से फिलहाल सीमांकन प्रक्रिया पर पूर्णतः रोक लग गई है,ग्रामीणों ने बताया कि मामले में लोगों की नाराजगी के मद्देनजर मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े ने गांव में पहुंचकर ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाकर उनकी बातों को सुना,साथ ही आश्वासन दिया कि घरों व आंगन को छोड़कर अन्य रिक्त पड़े शासकीय भूमि का अधिग्रहण प्रक्रिया पूर्ण कराई जाएगी,ग्रामीणों द्वारा अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए किसी भी समझाईश को मानने से इंकार कर दिया गया है,ऐसी स्थिति में अब सिलफिली उद्यानिकी महाविद्यालय के भूमि सीमांकन प्रक्रिया फिलहाल ठंडे बस्ते में चली गई है,लटोरी तहसीलदार सुरेंद्र पैकरा ने बताया कि कुछ प्रभावित लोगों द्वारा उच्च न्यायालय बिलासपुर से स्थगन आदेश जारी कराए जाने की वजह से बुधवार को सीमांकन प्रक्रिया स्थगित कर दी गई है।

## आत्मा योजनांतर्गत महिलाओं ने किया कृषि विज्ञान केंद्र का भ्रमण

**मानीचौक।** रजत महोत्सव के अवसर ब्लाक के विभिन्न पंचायत के महिला कृषकों को आत्मा योजना शाखा प्रभारी के नेतृत्व में कृषि विज्ञान केंद्र अजिरमा का भ्रमण कराया गया जिसमे ग्राम पोड़ी, बसदेई, लाछा, नयनपुर, चंपक नगर के महिला कृषकों को प्रशिक्षण देकर खेती प्रति जागरूक कराया गया। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजनान्तर्गत जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत बसदेई, पोडी, लाछा, नयनपुर व चंपक नगर से महिला कृषकों को कृषि विज्ञान केन्द्र अजिरमा का भ्रमण कराया गया। इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के वीरेंद्र चौहान द्वारा महिला कृषकों को कृषि की नई तकनीक की जानकारी देने के साथ कृषि कार्य करके आय बढ़ाने के संबंध में बताया गया। इस दौरान उपसंचालक कृषि के आत्मा शाखा प्रभारी अभय कुमार भोझा, ब्लाक के आत्मा शाखा प्रभारी कुमार बिन्दुमति पैकरा एवं कृषक मित्र बघोलन राम, धनीराम, उमाकांत, सहित अन्य कृषक मित्र उपस्थित रहे।



### कोल इंडिया केंद्र सरकार के दबाव में काम कर रही

# दुर्गा पूजा सालाना बोनस विवाद पर श्रमिक यूनियनों का विरोध-प्रदर्शन

**बिश्रामपुर।** उच्च न्यायालय कोलकाता द्वारा कोल कर्मियों के सालाना दुर्गा पूजा बोनस के मुद्दे पर बुलाई गई मानकीकरण समिति की बैठक स्थगित कर देने के बाद से एटक और सीटू यूनियन के नेतृत्व में खदानों में विरोध की लहर तेज हो गई है,बुधवार को बिश्रामपुर क्षेत्र की सभी खदानों में श्रमिकों ने गेट मीटिंग कर प्रदर्शन किया और सभी कर्मचारियों व ठेका श्रमिकों को 1 लाख रुपए अग्रिम बोनस देने की मांग की गई,एसकेएमएस एटक के क्षेत्रीय सचिव पंकज गर्ग ने जानकारी देते हुए कहा कि कोल इंडिया केंद्र सरकार के दबाव में काम कर रही है, उच्च न्यायालय की सिंगल बेंच ने इंटक यूनियन को बोनस पर होने वाली बैठक में शामिल करने का आदेश दिया था,लेकिन इस फैसले के खिलाफ कोल इंडिया ने डबल बेंच में अपील की,इसके चलते बैठक पर रोक लग गई, श्री गर्ग का आरोप है कि यह रोक वास्तव में केंद्र और कोल इंडिया की साजिश है,जिससे लाखों श्रमिकों का बोनस अटक गया है,उन्होंने कहा कि कोल इंडिया के इस कदम से न सिर्फ नियमित कर्मचारियों बल्कि ठेका श्रमिकों की भी मेहनत पर ग्रहण लग गया है,करीब सवा दो लाख कोल कर्मचारी और ठेका मजदूर इस फैसले से प्रभावित हुए हैं,त्यौहारों के मौसम में बोनस उनकी बुनियादी जरूरत है और इसे रोका जाना किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा,गेट मीटिंग में श्रमिकों ने साफ चेतावनी दी कि यदि तत्काल एडवांस बोनस का भुगतान नहीं किया गया तो आंदोलन में और तेजी आएगी।




### स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत अमृत सरोवर तालाब में की गई साफ सफाई

**लखनपुर।** प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज की मौजूदगी में स्वच्छता ही सेवा 2025 के तहत विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत जमगंवा स्थित अमृत सरोवर तालाब में बुधवार को सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अतिथियों ने समूह की दीदी और ग्रामीणों के साथ मिलकर अमृत सरोवर तालाब और मेड की साफ सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया इसके साथ ही समूह की महिलाओं को अमृत सरोवर तालाब में मछली पालन गतिविधियों से भी जोड़ा गया। वही जनपद के सीईओ डॉक्टर स्वेच्छा सिंह द्वारा उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए गांव को साफ और स्वच्छ रखने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष शशिकला विक्रम सिंह, जनपद उपाध्यक्ष कामेश्वर राजवाड़े, लुण्ड्रा विधायक प्रतिनिधि राकेश साहू, महामंत्री विक्रम सिंह, देवनारायण यादव, कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक मिंज, एनआरएलएम बीपीएम मनोज किस्पोट्टा, एसी अजय तिर्की सरपंच सूर्य बहादुर सिंह, सचिव अकृत राम, बलदेव सिंह, परसोतम, रूप देव साईं राजकुमारी, वंदना टोप्पो, सहन राम, कन्हैयालाल यादव सहित अन्य मौजूद थे।





# रिलेशनशिप नहीं जमा तो नहीं जमा, पर एक दिन मेरे बच्चे होंगे

**मुंबई।** काजोल और ट्विंकल खन्ना का टॉक शो टू मच 25 सितंबर से अमेजन प्राइम वीडियो पर प्रीमियर होगा। शो के पहले मेहमान कोई और नहीं बल्कि इंडस्ट्री के दो सुपरस्टार- आमिर खान और सलमान खान होंगे। शो में आमिर खान और सलमान खान अपने जीवन के तमाम पहलुओं के बारे में मजेदार ढंग से बात करेंगे। इस दौरान आमिर खान सलमान से उनकी रिलेशनशिप पर सवाल करते नजर आ सकते हैं। सलमान अपनी रिलेशनशिप्स के बारे में कहते हैं, यार नहीं जमा तो नहीं जमा। अगर इसका दोष किसी को जाता है, तो केवल मुझे जाता है। सलमान खान ने बातचीत के दौरान बच्चे लेने की भी इच्छा चाहिर की। उन्होंने कहा- बच्चे, एक दिन मेरे होंगे, जल्द ही।

## लाइफ Style



# अमृता

## पतली होने पर उड़ाया जाता था मजाक

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री अमृता राव ने बॉलीवुड इंडस्ट्री में होने वाली पॉलिटिक्स पर बात की। साथ ही उन्होंने उन्हें लेकर की गई बॉडी शेमिंग को भी याद किया। अमृता राव हाल ही में अक्षय कुमार-अरशद वारसी की फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' में नजर आई हैं।

अमृता ने साल 2003 में शाहिद कपूर के साथ फिल्म इश्क विश्क से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी और अमृता रातोंरात स्टार बन गई थीं। हालांकि, अब अमृता ने बताया कि पहली फिल्म हिट होने के बाद वो इंडस्ट्री की पॉलिटिक्स का शिकार हुईं। अभिनेत्री ने एक किस्से को याद करते हुए बताया कि जब मैंने इंडस्ट्री में कदम रखा था, तो मुझे बहुत पतली होने के लिए डांटा जाता था। अमृता ने अपनी मौसी की सलाह याद की कि जब वह पतली थीं तो उनका मजाक उड़ाया जाता था, लेकिन जब उनका वजन बढ़ा, तो उसके लिए भी उनका मजाक उड़ाया गया। जब उनका वजन आदर्श था, तब किसी ने उनकी तारीफ नहीं की। क्योंकि, कवर बिल्कुल भी ऐसा नहीं दिखना चाहिए था। ऐसी चीजें पहले भी हो चुकी हैं। इसके अलावा भी बहुत सी ऐसी चीजें होंगी, जिनके बारे में मुझे पता भी नहीं होगा। अमृता ने कहा कि पहले मुझे बहुत बुरा लगता था। मैं पूछती थी कि मेरे साथ ऐसा क्यों हो रहा है। लेकिन अब मैं कह सकती हूं कि राजनीति हर जगह है। स्कूलों में, कॉलेजों में, यहां तक कि आपकी सोसाइटी की बैठकों में भी। इसलिए आपको खुद को राजनीति से निपटने के लिए तैयार करना होगा।

## हॉलीवुड मसाला



# 17 की उम्र में शुरू किया था कॅरियर

**लॉस एंजिल्स।** दिग्गज इटालियन एक्ट्रेस क्लाउडिया कार्डिनले का निधन हो गया है। 100 से अधिक फिल्मों और शोज में काम कर चुकीं एक्ट्रेस ने मंगलवार को 87 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। क्लाउडिया 1960 और 1970 के दशक की सबसे मशहूर यूरोपियन एक्ट्रेस रही हैं। उन्हें 1963 में फेडेरिको फेलिनी की फिल्म '8½' से पॉपुलैरिटी मिली थी, जिसमें उनके साथ मार्सेलो मास्ट्रोयानी लीड रोल में थे। 17 की उम्र में कॅरियर शुरू किया था। क्लाउडिया ने अपना एक्टिंग, इससे पहले वह एक ब्यूटी कॉन्टेस्ट की विनर भी रही थीं।



# अब डेमन स्लेयर के अगले पार्ट का इंतजार

**लॉस एंजिल्स।** जापानी फिल्म 'डेमन स्लेयरः किमेत्सु नो याइबा - इन्फिनिटी कैसल' को लोगों ने काफी पसंद किया। फिल्म ने भारत में भी अच्छी कमाई की। अब फैंस इस फिल्म के अगले पार्ट्स का भी इंतजार कर रहे हैं। लेकिन अब ऐसा लगता है कि फैंस का ये इंतजार लंबा होने वाला है। क्योंकि निर्माता कंपनी क्रंचरोल की ओर से आगामी पार्ट्स को लेकर कहा है कि फैंस को अभी इंतजार करना पड़ेगा। क्रंचरोल के सीईओ राहुल पुरीनी ने हाल ही में एक इंटरव्यू में इन्फिनिटी कैसल फिल्मों के भविष्य पर बात की। क्रंचरोल ने खुलासा किया कि इस बहुप्रतीक्षित ट्रायोलॉजी के दूसरे और तीसरे भाग की रिलीज की तारीखें अभी भी तय नहीं हुई हैं।



# सिनेमाघरों में कल रिलीज होगी होमबाउंड

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर इन दिनों अपनी फिल्म 'सनी कुमारी की तुलसी कुमारी' के प्रमोशन में जुटी हुई हैं। बुधवार को जान्हवी को एयरपोर्ट पर किसी खास का इंतजार करते देखा गया। जान्हवी कपूर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जान्हवी कपूर इन दिनों अपनी फिल्म 'होमबाउंड' को लेकर भी सुर्खियों में बनी हुई हैं। हाल ही में 'होमबाउंड' की खास स्क्रीनिंग हुई, जिसमें जान्हवी अपनी दिवंगत मां और एक्ट्रेस श्रीदेवी की नेवी ब्लू रंग की साड़ी पहने नजर आईं। श्रीदेवी ने यह साड़ी अनुष्का शर्मा और विराट कोहली की शादी के रिसेप्शन पर पहनी थी। जान्हवी की 'होमबाउंड' 26 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इससे पहले सोमवार को मुंबई में स्पेशल स्क्रीनिंग में कई सितारों ने शिरकत की।



# 'थामा' में दिखेगी खूनी प्रेम कहानी

**मुंबई।** थामा मैडॉक फिल्म्स के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की अगली फिल्म है। इससे पहले इस यूनिवर्स की स्त्री, भेड़िया, मुंज्या और स्त्री 2 आ चुकी हैं। इन सभी को फिल्मों को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब थामा को मेकर्स इस यूनिवर्स की एक खूनी प्रेम कहानी बता रहे हैं। इसमें वैम्पायर्स की लव स्टोरी देखने को मिलेगी। आदित्य सरपोतदार द्वारा निर्देशित थामा इस साल दिवाली पर रिलीज होनी है। हालांकि, अभी तक फिल्म की रिलीज डेट सामने नहीं आई है। इस फिल्म में आयुष्मान और रश्मिका के अलावा नवाजुद्दीन सिद्दीकी और परेश रावल भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। मेकर्स ने बुधवार को थामा से जुड़े तीन पोस्टर और पोस्ट इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। एक में स्त्री नजर आ रही है और उस पर लिखा है, 'ओ स्त्री परसों आना।'

## टीवी मसाला



# बिग बी ने पाकिस्तान पर कसा तंज केबीसी 17 में छूट गई सबकी हंसी

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन जितने दमदार एक्टर हैं, असल जिंदगी में उतने ही मस्तीखोर। 'कौन बनेगा करोड़पति' में हम सभी ने कई मौकों पर देखा है, जब वह अपने धीर-गंभीर अंदाज में अक्सर ऐसी बातें कह जाते हैं कि सबकी हंसी छूट जाती है। इस बार भी ऐसा ही हुआ है। केबीसी 17 के ताजा एपिसोड में सामने गुजरात से आई कंटेस्टेंट उर्मिला जेवलिया थीं, जिनसे बात करते-करते बिग बी ने पाकिस्तान पर करारा तंज कसा। उन्होंने गाहे-बगाहे एशिया कप में पाकिस्तानी क्रिकेट टीम की लगातार दो हार पर मजेदार अंदाज में चुटकी ली। बस फिर क्या, केबीसी के सेट पर हर कोई ठहाके लगाने को मजबूर हो गया। दरअसल, शो में उर्मिला जेवलिया अपने बचपन का किस्सा सुना रही थीं। उन्होंने बताया कि जब वह छोटी थीं, तब उन्होंने अमिताभ बच्चन के लिए घर की टीवी तोड़ दी थी। छोटी उर्मिला को लगता था कि केबीसी वाले बिग बी टीवी के अंदर ही बैठते हैं। इसलिए वह इसे तोड़कर उनसे मिल पाएंगी। कंटेस्टेंट के इस खुलासे पर जहां अमिताभ दंग हो गए, वहीं उन्होंने इसी बहाने पाकिस्तान को भी निशाने पर ले लिया। माहौल को हल्का बनाते हुए मेगास्टार ने मजाक में कहा, 'एक बात बोलूं, प्लीज बाहर मत बोलिएगा... भारत-पाकिस्तान का जब खेल होता है न तो पाकिस्तान वाले तोड़ देते हैं अपना टीवी, सही बोल रहे हैं कि नहीं।' उनके इस मजाक पर हर किसी की हंसी छूट गई। सोशल मीडिया पर फैंस ने कहा कि बिग बी ने बातों-बातों में पड़ोसी मुल्क को क्रिकेट में मिल रही हार पर मजमा लूट लिया।


## कुनिका, फरहाना और अशनूर में छिड़ी जंग

**नई दिल्ली।** टीवी रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' इस वक्त पीक पर चल रहा है। आए दिन बड़े बड़े झगड़े देखने को मिल रहे हैं। अब बिग बॉस 19 का लेटेस्ट प्रोमो सामने आया है, जहां एक बार फिर फरहाना और अशनूर कौर के बीच तगड़ी लड़ाई होने वाली है। शो के नए प्रोमो ने फैंस का भी एक्साइटमेंट लेवल बढ़ा दिया है। नया प्रोमो में बिग बॉस नए राशन टास्क के बारे में बता रहे हैं। टास्क के लिए टीम को दो हिस्सों में बांट दिया गया है, जिसमें एक टीम की ड्रोन अशनूर कौर बनी हैं, जबकि दूसरी टीम की ड्रोन फरहाना भट्ट बनी हैं। अशनूर अपनी टीम के लिए राशन इकट्ठा कर रही हैं, लेकिन फरहाना बशीर के साथ मिलकर दूसरी टीम का राशन चुरा रही हैं। जिस टीम के पास जितना राशन बचेगा, उन्हें उसी राशन से काम चलाना होगा। इस बात पर कुनिका अशनूर पर भड़क जाती हैं कि घी तो है ही नहीं, जबकि गौरव कहता है कि कम से कम चावल तो बचा लेते।



# 50 साल बाद लौटेगी शोले की असली कहानी ठाकुर के हाथों होगा गब्बर का अंत

*नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे आइकॉनिक फिल्म शोले (1975) एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार वजह है इसका वो अंत जिसे दर्शकों ने कभी बड़े पर्दे पर नहीं देखा। दरअसल, जब निर्देशक रमेश सिप्पी ने फिल्म बनाई थी, तब उन्होंने चाहा था कि गब्बर सिंह (अमजद खान) को उसके अपराधों की सजा ठाकुर बलदेव सिंह (संजय कुमार) के हाथों मिले। लेकिन, उस दौर के डिस्ट्रीब्यूटर्स ने दबाव डालकर अंत बदलवाया और गब्बर को पुलिस के हवाले कर दिया गया। अब 50 साल बाद दर्शकों को फिल्म का वो असली और पहले से शूट किया गया क्लाइमैक्स देखने का मौका मिलेगा। ऑस्ट्रेलिया में होने वाले इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ सिडनी ने घोषणा की है कि इस साल का उनका सेंटरपीस फिल्म शोले का 4के रीस्टोर्ड वर्जन होगा। यह फेस्टिवल 9 से 11 अक्टूबर तक आयोजित होगा और इसमें वही अंत दिखाया जाएगा,*




*जिसमें ठाकुर अपने परिवार का बदला लेकर गब्बर का अंत कर देता है। इस अनोखे प्रोजेक्ट को फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन और सिप्पी फिल्म्स ने संभव बनाया है। शोले अब अपनी मूल 70एमएम भव्यता में दर्शकों के सामने आएगी, जो सिनेमाई इतिहास का एक अनमोल अनुभव होगा। रीस्टोरेशन की प्रक्रिया में लंदन से दुर्लभ कलर रिवर्सल प्रिंट ढूंढा गया और मुंबई के एक गोदाम से कैमरा निगेटिव्स और लंबे समय से खोए हुए डिलीटेड सीन्स बरामद किए गए।*

# इन सितारों ने अदा की जज की भूमिका, एक ने तो 300 फिल्मों में किया यही किरदार

**नई दिल्ली।** कोर्टरूम ड्रामा फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' में वकील के रूप में अक्षय कुमार और अरशद वारसी के अभिनय की खूब तारीफ हो रही है। वहीं, फिल्म में जज के किरदार में सौरभ शुक्ला नजर आए हैं और उनके अभिनय को भी दर्शक दाद दे रहे हैं। इस फ्रेंचाईजी की पिछली दोनों फिल्मों में भी सौरभ ने ही जज की भूमिका से कमाल किया। उनसे पहले भी कई चर्चित सितारे परदे पर जज बन चुके हैं। एक अभिनेता ने तो करीब 300 बार यह भूमिका निभाई।

**डीके सप्रू** : एक्टर डी के सप्रू ने साल 1947 में अपने कॅरियर की शुरुआत की। उन्होंने तीन दशक से भी ज्यादा समय तक कैरेक्टर एक्टर के रूप में काम किया। उन्होंने साहिब बीवी और गुलाम, हीर रांझा, पाकीजा, शाहिद'और लीडर जैसी फिल्मों में काम किया। उन्होंने फूल और पत्थर दुनिया, प्रेम पुजारी और हलचल जैसी फिल्मों में जज की भूमिकाएं निभाईं। उनके बेटे तेज सप्रू भी कलाकार हैं।

**जगदीश सेठी** : जगदीश सेठी ने अपने कॅरियर की शुरुआत साल 1931 में भारत की पहली साउंड फिल्म से की थी, जिसका नाम था 'आलम आरा'। जगदीश फिल्म में जज के रूप में भी नजर आ चुके हैं। उन्होंने सुनील दत्त और



साधना अभिनीत कोर्टरूम ड्रामा मेरा साया में जज की भूमिका निभाई थी।

**पृथ्वीराज कपूर** : दिवंगत अभिनेता पृथ्वीराज कपूर का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। लोकप्रिय फिल्म मुगल-ए-आजम में बादशाह अकबर की भूमिका के लिए उन्हें जाना जाता है। पृथ्वीराज कपूर ने अपने बेटे राज कपूर की ब्लॉकबस्टर फिल्म आवारा में जज की भूमिका निभाई थी। दरअसल, आवारा में कपूर परिवार की तीन पीढ़ियां देखी गईं। क्लाइमेक्स में, जब पृथ्वीराज कपूर को गवाह के तौर पर देखा गया। उनके पिता दीवान बशेश्वरनाथ कपूर जज की भूमिका में दिखाई दिए।

**हामिद अली मुराद** : हामिद अली मुराद, जो मुराद के नाम से इंडस्ट्री में मशहूर रहे। उनका जन्म साल 1911 में उत्तर प्रदेश के रामपुर में हुआ। वे फिल्मों में सहायक किरदार निभाने के लिए मशहूर थे। यूं तो मुराद ने पर्दे पर कई भूमिकाएं निभाईं, मगर जज का रोल उन्होंने दस या बीस बार नहीं, बल्कि करीब 300 फिल्मों में अदा किया। 1940 से कॅरियर शुरू करने वाले मुराद ने 1990 तक करीब 500 फिल्मों में काम किया। इनमें से करीब 300 फिल्मों में वे जज के रोल में नजर आए। बता दें कि मुराद के बेटे रजा मुराद इंडस्ट्री में सक्रिय हैं और विलेन का किरदार निभाने के लिए मशहूर हैं।

## ये फिल्में मनोरंजक क्लाइमैक्स तक रखती हैं बांधे

# जासूसी पर बेस्ड 7 बेस्ट मूवीज, हर सीन में मिलेगा डबल ट्विस्ट

*नई दिल्ली। वैसे तो अब तक जासूसी पर कई फिल्में बन चुकी हैं, लेकिन आज हम आपको 7 ऐसी फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्हें अब तक की सबसे बेहतरीन जासूसी फिल्में माना जाता है। इन फिल्मों के हर सीन में आपको डबल ट्विस्ट देखने को मिलेंगे और तो और, ये फिल्में इतनी मनोरंजक हैं कि आपको क्लाइमैक्स तक बांधे रखेंगी।*



**एजेंट साईं श्रीनिवास अथरेया (2019)** : यह एक तेलुगु भाषा की ब्लैक कॉमेडी मिस्ट्री फिल्म है, जिसका निर्देशन स्वरूप आरएसजे ने किया है, जिन्होंने नवीन पोलीशेट्टी के साथ मिलकर इस फिल्म का लेखन भी किया है।फिल्म में पोलीशेट्टी मुख्य किरदार में हैं और उनके साथ श्रुति शर्मा भी हैं। यह नेल्लोर के एक जासूस की कहानी है, जिसकी जान उस समय खतरे में पड़ जाती है जब वह एक रेलवे ट्रैक के पास छोड़े गए एक शव के मामले की जांच शुरू करता है।

***मनोरमा सिक्स फीट अंडर (2007)*** : यह एक क्राइम थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन और सह-लेखन नवदीप सिंह ने किया है। फिल्म में अभय देओल, राइमा सेन और गुल पनाग मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 21 सितंबर 2007 को रिलीज हुई थी। यह राजस्थान के एक छोटे से कस्बे में रहने वाले एक शौकिया जासूस की कहानी है, जो खुद को झूठ, छल और हत्या के जाल में फंसा हुआ पाता है।

***थुप्पारिवालन (2017)*** : यह एक तमिल भाषा की एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसका लेखन और निर्देशन मिस्किन ने किया है और निर्माण विशाल ने किया है, जो प्रसन्ना के साथ मुख्य भूमिका भी निभा रहे हैं। फिल्म में विनय राय, अनु इमैनुएल (अपनी तमिल पहली फिल्म में), एंड्रिया जेरेमिया और के. भाग्यराज सहायक भूमिकाओं में हैं। ब्रिटिश लेखक आर्थर कॉनन डॉयल की शर्लक होम्स कहानियों से प्रेरित, यह फिल्म एक निजी जासूस और उसके सहयोगी की कहानी है जो एक बच्चे के पालतू कुत्ते की मौत की जाँच करते हैं, जिससे उन्हें एक बड़ी साजिश का पता चलता है।

***डिटेक्टिव ब्योमकेश बख्शी! (2015)*** : यह एक ऐतिहासिक रहस्य थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन दिबाकर बनर्जी ने किया है, जिन्होंने यशराज फिल्म्स और दिबाकर बनर्जी प्रोडक्शंस के तहत आदित्य चोपड़ा के साथ सह-निर्माण किया था. काल्पनिक जासूस ब्योमकेश बख्शी पर आधारित इस फिल्म में दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत, आनंद तिवारी, नीरज काबी, स्वस्तिका मुखर्जी और मेयांग चांग मुख्य भूमिकाओं में थे।

**डिटेक्टिव उज्ज्वलन (2025)** : यह एक मलयालम भाषा की मिस्ट्री कॉमेडी फिल्म है, जिसका लेखन और निर्देशन इंद्रनील गोपीकृष्णन और राहुल जी ने किया है। फिल्म में ध्यान श्रीनिवासन, सिजू विल्सन और रोनी डेविड राज मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह वीकेंड ब्लॉकबस्टर्स बैनर तले सोफिया पॉल द्वारा निर्मित है और यह वीकेंड सिनेमैटिक यूनिवर्स की मिन्नल मुरली के बाद दूसरी फिल्म है।

***सम्राट एंड कंपनी (2014)*** : यह एक जासूसी थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन कौशिक घटक ने किया है और राजश्री प्रोडक्शंस के बैनर तले कविता के. बड़जात्या ने इसका निर्माण किया है। इसमें राजीव खंडेलवाल सम्राट की मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म पहले 1 मई 2014 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन इसे तय समय से पहले 25 अप्रैल 2014 को रिलीज कर दिया गया था।

***जोई बाबा फेलुनाथ (1979)*** : यह एक बंगाली भाषा की रहस्य फिल्म है, जिसका निर्देशन और लेखन सत्यजीत रे ने किया था. सौमित्र चटर्जी, संतोष दत्ता, सिद्धार्थ चटर्जी, उत्पल दत्त जैसे कलाकारों से सजी यह फिल्म फेलुदा उपन्यास का रूपांतरण है और सोनार केल्ला का सीक्वल है।

**खबर संक्षेप**

### स्वच्छताकर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण व दवा वितरण

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के 15 वार्डों में सफाई करने वाले कर्मचारियों का मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवा वितरण किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित सतपथी, उपाध्यक्ष उमेश साव, सीएमओ ललित साहू, सब इंजीनियर दुर्गेश मालाकार सहित अन्य लोग मौजूद रहे। जानकारी के मुताबिक उक्त स्वच्छताकर्मी प्रतिदिन वार्डों में जाकर कचरा उठाते हैं और उसे निर्धारित स्थान पर पहुंचाते हैं। इस बीच वे गंदगियों के संक्रमण में आकर बीमार हो सकते हैं। इस तथ्य के मद्देनजर इनका स्वास्थ्य परीक्षण करा कर उन्हें दवा वितरण किया गया।

### प्रशासन का फैसला, रात 11 बजे तक पूजा, मंडप बंद

**राउरकेला।** नगर प्रशासन, जिला पुलिस और सभी दुर्गा पूजा समितियों की बैठक सिविक सेंटर राउरकेला में आयोजित की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पूजा, मंडप रात 11 बजे तक बंद होंगे ताकि दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके। साथ ही विसर्जन शोभायात्रा में डीजे बंद रखने का भी सुझाव दिया गया है। बैठक में पश्चिमांचल डीआईजी बृजेश कुमार राय की अध्यक्षता में एडीएम दीना दस्तगीर, राउरकेला एसपी नितेश वाधवानी, पानपोश उपजिलाधिकारी विजय कुमार नायक, अतिरिक्त एसपी हरेकृष्ण माझी आरके साहू और श्रावणी नायक प्रमुख रूप से उपस्थित थे। डीआईजी कार्यालय के डीएसपी रामराय मुर्मु ने स्वागत भाषण दिया। ज़ोनल डीएसपी योगेश्वर पांडा ने बैठक का उद्देश्य समझाते हुए उपस्थित पूजा समिति सदस्यों से सुझाव लिए। बैठक में भारी भीड़ वाले बालुघाट विसर्जन घाट को ध्यान में रखते हुए लुआकेरा में दूसरा घाट निर्माण करने का प्रस्ताव भी रखा गया। वहीं बंडामुंडा और फर्टिलाइज़र सेक्टर सहित कई सड़क मार्गों की खराब स्थिति और स्ट्रीट लाइट की अनुपस्थिति को लेकर पूजा समिति सदस्यों ने प्रशासन से तत्काल सुधार की मांग की। डीआईजी और अन्य अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि जनता और समिति के सुझावों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा यातायात और प्रकाश व्यवस्था का प्रबंध समय रहते किया जाएगा।

### गायत्री मंदिर पुसौर में नवरात्रि का आयोजन

**पुसौर।** गायत्री मंदिर पुसौर में धूमधाम से नवरात्रि पर्व मनाया जा रहा है। 22 सितंबर की सुबह 5 बजे से अखण्ड दीप प्रज्वलित किया गया है, जिसकी पूर्णाहुति 2 अक्टूबर को संस्कारों व यज्ञ के साथ संपन्न होगी। तहसील मुख्यालय पुसौर में वर्ष 1992 में स्थापित गायत्री मंदिर में प्रत्येक नवरात्रि पर्व दीप प्रज्वलन कर अपने अभिष्ट की प्राप्ति का प्रचलन है, जिसमें लोग बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते रहे हैं। इसमें विकासखंड के 148 गांवों के लोग तन मन धन से सहयोग व आस्था रखते रहे हैं।

### ट्रॉपिकल एग्रो इंडिया द्वारा किसान सम्मेलन

**तमनार।** रायगढ़ जिले के तमनार तहसील में शर्मा कृषि केंद्र तमनार एवं ट्रॉपिकल एग्रो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा 23 सितम्बर को भव्य किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें तमनार के सभी ग्रामों से पांच सौ से अधिक किसानों की उपस्थिति रही। किसान सम्मेलन में किसानों उत्साह एवं सक्रिय सहभागिता से सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। यह सम्मेलन न केवल ज्ञानवर्धन का मंच बनाए बल्कि आपसी संवाद और अनुभवों के आदान प्रदान का भी सशक्त माध्यम रहा। सभी की उपस्थिति ने इस आयोजन को सार्थकता प्रदान की।

**पेज 1 का शेष**

### रेलवे टिकट ...

के लिए यह सेवा जीवन रेखा बन गई थी। डाकघर अधिकारियों का कहना है कि केंद्र स्तर से आदेश दिया गया है कि जिन काउंटरों से प्रतिदिन 10 से कम टिकटों की बुकिंग हो रही थी, उन्हें तत्काल बंद कर दिया जाए। जशपुर पोस्ट ऑफिस का काउंटर भी इसी श्रेणी में आ गया। सूत्रों के अनुसार, पिछले कई महीनों से यहाँ प्रतिदिन औसतन 6 से 8 टिकट ही बुक हो रहे थे। कम बुकिंग का हवाला देते हुए इसे बंद कर दिया गया।

## शासकीय योजनाओं में पिछड़ा वर्ग को भागीदारी की ली जानकारी, बेहतर क्रियान्वयन के दिए निर्देश

# पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष निषाद ने ली समीक्षा बैठक

**जागरूकता के अभाव में वंचित पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ने विशेष कार्ययोजना करें तैयार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू राम निषाद की अध्यक्षता में आज कलेक्टरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान निषाद ने अधिकारियों से जिले में अन्य पिछड़ा वर्ग के कल्याण हेतु संचालित केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और इसके शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

अध्यक्ष श्री निषाद ने कहा कि शासकीय योजनाओं का जमीनी स्तर पर बेहतर क्रियान्वयन हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देशित किया कि जागरूकता के अभाव में वंचित रह रहे पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की जाए। तकनीकी कारणों या त्रुटिवश लाभ प्राप्त करने में आ रही कठिनाइयों को दूर करने के लिए प्रभावी प्रयास करने पर भी उन्होंने जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिन लोगों का जाति प्रमाणपत्र किसी कारणवश लंबित है, उनकी समस्या के निराकरण के लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। बैठक में उन्होंने कहा कि सभी वर्गों की अपनी-अपनी समस्याएं हैं, जिन्हें संज्ञान में लेकर गंभीरता से समाधान किया जाना



बैठक लेते पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू राम निषाद।

चाहिए। इस दौरान कलेक्टर रोहित व्यास, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक, एसडीएम विश्वास राव मस्के, डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा, सहायक अनुसंधान अधिकारी अनिता डेकाटे, सचिव संकल्प साहू, निज सचिव एलके मिश्रा, सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग संजय सिंह मौजूद थे। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान अध्यक्ष श्री निषाद ने कहा कि महतारी वंदन योजना के तहत सभी पात्र हितग्राहियों को इसका लाभ दिलाएं, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि इसके कोई वंचित न हो। उन्होंने सुकन्या समृद्धि योजना के प्रति लोगों को प्रोत्साहित करने और इसके लाभों के बारे में व्यापक जागरूकता फैलाने को कहा। मत्स्य विभाग की समीक्षा में उन्होंने मत्स्य संपदा योजना के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मत्स्य पालन रोजगार का एक बड़ा साधन है, जिससे आमजन की आजीविका मजबूत होने के साथ-साथ अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिलती है। उन्होंने अधिकारियों से मत्स्य सहकारी समितियों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने और सामूहिक उत्पादन व विपणन को बढ़ावा देने पर जोर दिया। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान अध्यक्ष श्री नेहरू राम निषाद ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों के लिए संचालित सभी योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ प्रत्येक पात्र किसान तक अवश्य पहुंचे। उन्होंने कहा कि हितग्राहियों से सीधे संवाद स्थापित कर उन्हें योजनाओं एवं कार्यक्रमों के महत्व की जानकारी दें, ताकि कोई भी पात्र किसान लाभ से वंचित न रह सके। श्रम विभाग की समीक्षा में उन्होंने श्रमिकों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी ली और कहा कि इनका शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विश्वास जताया कि ऐसा करने से जिले में पलायन की समस्या को काफी हद तक रोका जा सकता है। शिक्षा विभाग की समीक्षा में अध्यक्ष श्री निषाद ने पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को सभी योजनाओं से लाभान्वित करने पर बल दिया। उन्होंने निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण की प्रगति की जानकारी ली और इसे समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



## रक्तदान शिविर में शामिल हुई गोमती

**कोतबा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत कोतबा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। भाजपा युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष अजय गुप्ता के नेतृत्व में कोतबा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे भाजपा के कार्यकर्ताओं सहित कुल 40 रक्तदाताओं ने रक्तदान महादान कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आत्मसमर्पण की भावना प्रकट की इस रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और लगभग 40 यूनिट रक्त स्वेच्छा से दान किया।

खास बात यह रही कि इस शिविर में महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही।इस आयोजन के दौरान बतौर मुख्य अतिथि सरगुजा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष व विधायक पत्थलगांव श्रीमती गोमती साय सम्मिलित हुई उन्होंने रक्तदाताओं को प्रस्सति पत्र व फल जूस देकर सम्मानित किया और सभी रक्तदाताओं को उनके इस पुण्य कार्य की सराहना की। इस अवसर पर श्रीमती गोमती साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित ये सेवा कार्य समाज को नई दिशा देने वाले हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रति जनता का प्रेम इस बात से स्पष्ट है कि रक्तदान महादान है, यह एक जीवनदायी और नेक कार्य है जो समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।कार्यक्रम की सराहना करते हुये, रक्तदान करना सेहत के लिये लाभदायक बताया, सभी को जीवन मे एक बार रक्तदान करना चाहिए। कोतबा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित रक्तदान शिविर में शामिल होकर गोमती साय ने रक्तवीरों का हौसला बढ़ाया एवं उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र कोतबा के एनएसएस के छात्र छात्राओं से आत्मीय संवाद कर समाज सेवा के प्रति उनके समर्पण की सराहना की।

## धर्मार्थ चिकित्सालय के नवीन भवन का तीव्र गति से हो रहा है निर्माण

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्वास्थ्य को प्राथमिकता क्रम में हमेशा शीर्ष पर रखा है। उनके नेतृत्व में जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए कई ऐसे महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं, जिससे आने वाले समय में जशपुर जिले में न केवल आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध रहेगी, बल्कि यहां स्वास्थ्य शिक्षा का भी एक बड़ा केंद्र बनकर उभरेगा। इसी परिप्रेक्ष्य में कलेक्टरेट के समीप एनटीपीसी लारा के सीएसआर मद से 35.53 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित हो रहे स्वर्गीय जगदेव राम उरांव कल्याण आश्रम धर्मार्थ चिकित्सालय का नवीन भवन तेज़ी से आकार ले रहा है।



■ एनटीपीसी लारा के सीएसआर मद से बन रहा

मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है। हाल ही में कुनकुरी ब्लॉक अंतर्गत गिनाबहार में 8 करोड़ 77 लाख रुपये की लागत के 50 बिस्तरीय मातृ-शिशु चिकित्सालय का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। इसके अतिरिक्त जिले में मेडिकल कॉलेज, प्राकृतिक चिकित्सा एवं फिजियोथेरेपी केंद्र, शासकीय नर्सिंग कॉलेज और शासकीय फिजियोथेरेपी कॉलेज का भी निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही जिले के ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए आधा दर्जन नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्वीकृति दी गई है और 11 अतिरिक्त एम्बुलेंस की व्यवस्था भी की गई है।

**अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा अस्पताल**

छह मंजिला बनने वाला जगदेव राम उरांव कल्याण आश्रम धर्मार्थ चिकित्सालय 100 बिस्तरों की क्षमता वाला होगा। यहां 15 ओपीडी, आईसीयू, 4 आधुनिक ऑपरेशन थिएटर, फिजियोथेरेपी सेंटर, पैथोलॉजी लैब, सीटी स्कैन, एमआरआई, डायलिसिस यूनिट, एक्स-रे, ईसीजी और इमरजेंसी वार्ड जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मरीजों की सुविधा के लिए लिफ्ट और रैंप का भी निर्माण किया जाएगा।

### जेएसडब्लू के जीएम को जान से मारने की धमकी, छग क्रांति सेना का सदस्य गिरफ्तार

**अकलतरा।** जेएसडब्लू पावर प्लांट के जीएम को गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दे दी गई। प्लांट में नौकरी देने के नाम पर फोन कर धमकाया गया। मामले में पुलिस ने धमकी देने वाले छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के सदस्य को गिरफ्तार कर लिया है। अकलतरा थाना क्षेत्र के तरौद में जे एस डब्लू पावर प्लांट संचालित है। प्लांट में जीएम जितेंद्रपति त्रिपाठी को फोन कर गाली गलौच करते हुए नौकरी देने की मांग की गई। नौकरी नहीं मिलने पर जान से मारने धमकी दी गई।जेएसडब्ल्यू केएसके पावर प्लांट के जीएम जितेंद्रपति त्रिपाठी ने थाना अकलतरा में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई। जितेंद्रपति त्रिपाठी ने पुलिस को बताया कि छ.ग. क्रांति सेना के सदस्य धनंजय सिंह द्वारा 5 सितंबर को मोबाइल से फोन कर कंपनी में नौकरी देने की बात कही गई। इस पर उन्होंने अपने अधीनस्थ स्टॉप से बात करने के लिए बोला। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि नौकरी की रिक्ति होगी तो दिया जाएगा नहीं होगा तो नहीं दिया जाएगा। इस बात को सुनकर धनंजय सिंह ने अश्लील गाली गलौच करते हुए धमकाना शुरू कर दिया। साथ ही नौकरी नहीं देने पर जान से मार देने की धमकी दी। जितेंद्रपति त्रिपाठी की रिपोर्ट पर अकलतरा पुलिस ने 427/25 धारा 296,351 (2), 308(4) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया।

## आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

मंगल भवन कुनकुरी में भारतीय जनता पार्टी जिला जशपुर की ओर से आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान, नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म पर जिला स्तरीय कार्यशाला तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर संगोष्ठी का संयुक्त आयोजन भव्य रूप से किया गया।

■ पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर संगोष्ठी का संयुक्त आयोजन

कार्यक्रम का संचालन करते हुए जिला महामंत्री मुकेश शर्मा ने प्रस्तावना रखते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य एवं विषय-वस्तु पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का संकल्प केवल सरकार का नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। हमें अपने-अपने क्षेत्र में उत्पादन, सेवा और रोजगार के अवसर बढ़ाकर भारत को आत्मनिर्भर बनाने में योगदान देना चाहिए।

जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों पर विस्तृत उद्बोधन देते हुए कहा कि उपाध्याय जी का 'एकात्म मानववाद' आज भी राष्ट्र निर्माण का आधार है। उनका मानना था कि विकास का अर्थ केवल आर्थिक




प्रगति नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुँचाना है। रायमुनी भगत ने कहा कि पंडित दीनदयाल जी का दर्शन हमें यह सीख देता है कि राजनीति का उद्देश्य केवल सत्ता प्राप्त करना नहीं बल्कि समाज सेवा है। आज देश जिस प्रकार आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर है, यह पं. दीनदयाल के 'अंत्योदय' के सिद्धांत को ही साकार कर रहा है।

सरगुजा संभाग प्रभारी एवं पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पांडेय ने नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म पर अपने उद्बोधन को विस्तार देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का दृष्टिकोण हमेशा दूरदर्शी रहा है। किसी भी बड़े आर्थिक सुधार को लागू करने से पहले वर्षों तक उसका गहन अध्ययन और अभ्यास किया जाता है, ताकि उसका लाभ दीर्घकालिक रूप से देश को मिले। उन्होंने कहा जैसे नोटबंदी से देश में आतंकवाद और नकली नोटों की कमर टूटी, काले धन पर प्रहार हुआ और डिजिटलीकरण को बल मिला, उसी तरह जीएसटी लागू करने से पहले केंद्र सरकार ने वर्षों तक इसके हर पहलू पर गहन मंथन किया। अब सरकार अगली पीढ़ी यानी नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म की दिशा में आगे बढ़ रही है, जो न केवल व्यापारियों के लिए सरल और पारदर्शी होगा बल्कि आम उपभोक्ता को भी राहत देगा।उन्होंने कहा कि जीएसटी के पिछले कुछ वर्षों में मिले अनुभव के आधार पर अब सरकार कर ढाँचे को और मजबूत करने की दिशा में काम कर रही है। करदाताओं के लिए फेसलेस स्क्रूटनी, रियल टाइम डेटा मॉनिटरिंग, और फ्रॉड डिटेक्शन के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल अगले चरण का महत्वपूर्ण हिस्सा होगा।

## रेलवे ट्रैक पर दर्दनाक हादसा दो सगे भाइयों की मौत

**राउरकेला।** बीती रात राउरकेला रेलवे स्टेशन के समीप एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। रेलवे लाइन पार करते वक्त वीरमित्रपुर पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से दो सगे भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई।

■ मोबाइल की मरम्मत कर घर लौटते समय पैसेंजर ट्रेन ने ली जान

मृतकों की पहचान हरिपुर बस्ती, बसंती कॉलोनी निवासी रंजन पात्र 18 वर्ष और उसके छोटे भाई जगन पात्र 15 वर्ष के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रंजन उदीतनगर स्थित एक होटल में अपनी मां के साथ काम करता था। मंगलवार शाम करीब साढ़े 8 बजे दोनों भाई अपनी बहन को मोबाइल दुकान से लाने घर से निकले। बहन को सुरक्षित घर छोड़ने के बाद वे फिर मोबाइल की मरम्मत कराने उदीतनगर दुकान पर पहुंचे। रात करीब साढ़े 9 बजे मरम्मत कर लौटते समय दोनों ने रेलवे ट्रैक पार करने की कोशिश की तभी बारसुंआ से वीरमित्रपुर जा रही पैसेंजर ट्रेन ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे घटना स्थल पर ही दोनों की मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों ने तुरंत परिजनों और रेलवे पुलिस को सूचना दी। राउरकेला रेलवे पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए राउरकेला सरकारी अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## प्रदेशाध्यक्ष के रायगढ़ आगमन को लेकर साहू समाज की बैठक

**रायगढ़।** साहू समाज के नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष निरेन्द्र साहू के प्रथम रायगढ़ आगमन की तैयारियों को लेकर जिला साहू संघ अध्यक्ष डिग्रीलाल साहू की अध्यक्षता में साहू कर्माभवन, मरीन ड्राइव रायगढ़ में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के पदाधिकारियों ने व्यापक रूप से चर्चा करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा तय की। अध्यक्ष डिग्रीलाल साहू ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत समारोह 25 सितंबर को शासकीय किरोड़ीमल पॉलिटेक्निक कॉलेज के आडिटोरियम में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। इसके पूर्व अटल चौक जूटमिल क्षेत्र से एक भव्य बाइक रैली निकालकर प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत किया जाएगा। साथ ही रात्रि में सत्यनारायण बाबा धाम में प्रदेशाध्यक्ष के साथ विशेष दर्शन एवं पूजन अर्चन का आयोजन भी किया जाएगा। अध्यक्ष डिग्रीलाल साहू ने कहा कि समाज के इस ऐतिहासिक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में समाजजन जुड़कर इसे सफल बनाएं। बैठक में मुख्य रुप से समाज के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहें।



## नाला पार करते समय बह गई कार

**सरिया।** तेज बारिश के कारण नदी नाला उत्थान पर हैं। बुधवार सुबह एक कार जलमग्न नाला को पार करते समय बह गई। कार में चार लोग सवार थे, चारों बाल-बाल बच गए। बताया जाता है कि किंकारी नाला पर वर्षों पुराना एक छोटा पुल है, जिसमें लोग आवागमन करते हैं। वहीं इसी के पास में बड़ा पुल का निर्माण हो रहा है, जो विगत 4 साल से अधूरा पड़ा है। प्रशासन की लापरवाही के कारण अधूरे पुल होने पर लोग अक्सर जलमग्न पुल के ऊपर आवागमन करने को मजबूर होते हैं। यही हादसा एक बार फिर बुधवार को सुबह 8 बजे देखा गया। छत्तीसगढ़ और ओडिशा को जोड़ने वाली किंकारी नाला में 4 फीट पानी पुल के ऊपर बह रही है। किसी भी प्रकार की कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने के कारण लोग जान जोखिम में डालकर पुल को पार कर रहे हैं। इसी क्रम में बरमकेला की ओर से ओडिशा जा रही एक स्विफ्ट कार तेज बहाव के कारण नाला में बह गई। कार में चार लोग सवार थे। चारों बाल-बाल बच गए।




## दो करोड़ की ऑनलाइन ठगी मामले में तीन गिरफ्तार

**राउरकेला।** राउरकेला पुलिस ने एमएसक्यू ऐप से 2 करोड़ रुपए की ऑनलाइन ठगी के एक बड़े मामले में मुख्य साजिशकर्ता अशोक बड़ाईक समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कई दस्तावेज, सिम कार्ड, मोबाइल फोन, डेबिट कार्ड और पैन कार्ड भी जब्त किए हैं।

जानकारी के अनुसार यह गिरोह एमएसक्यू नामक ऐप का उपयोग कर लोगों को धोखाधड़ी का शिकार बना रहा था। आरोपी विभिन्न प्रकार के फ्रॉड के माध्यम से निवेशकों और आम नागरिकों से भारी रकम हड़प रहे थे। बुधवार की दोपहर में एसपी नितेश वाधवानी ने बताया की इस ठगी की शिकायत मिलते ही विशेष जांच दल के माध्यम से आरोपियों की पहचान की और बुधवार की सुबह एक सघन छापेमारी के दौरान उन्हें गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब्त किए गए दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अगले जांच और साक्ष्य संग्रह में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कहा कि यह गिरोह लंबे समय से सक्रिय था और उनकी कार्रवाई से कई लोग आर्थिक रूप से प्रभावित हुए हैं। जांच अधिकारी ने बताया कि आरोपियों के नेटवर्क और अन्य सहयोगियों की भी पहचान की जा रही है, और जल्द ही उनके खिलाफ अतिरिक्त गिरफ्तारी और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ठगी के शिकार लोगो ने पुलिस की कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा इस तरह की तेज और निर्णायक कार्रवाई से लोगों में सुरक्षा और भरोसे की भावना बढ़ेगी। राउरकेला पुलिस का कहना है कि ऑनलाइन धोखाधड़ी पर कोई समझौता नहीं होगा और वह लगातार ऐसे मामलों की रोकथाम और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रखेगी। बता दें की दो दिन पहले सोमवार को बड़ी संख्या में ठगी के शिकार निवेशक एसपी ऑफिस पहुंच कर न्याय की गुहार लगाई जिसे एसपी ने गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की। अब देखना है की निवेशकों का पैसा वापस मिलता है या नहीं।

■ पुलिस ने एमएसक्यू ऐप घोटाले का किया पर्दाफाश

